<u>समाचार</u>

कोरोना संक्रमण प्रसार को रोकने निगम द्वारा लगातार किया जा रहा सेनेटाईजेशन

(सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, वार्डो के साथ–साथ होम आईसोलेट मरीजों, परिजनों व उनके पड़ोसियों की मांग पर 36 स्थलों पर किया गया सेनेटाईजेशन)

कोरबा 16 अप्रैल 2021 –कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया। इसी प्रकार होम आईसोलेट पाजिटिव मरीजों एवं उनके पड़ोसियों की डिमांड पर भी सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया। निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर इन सभी स्थानों को सेनेटाईज कराया।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा इस दिशा में किए जा रहे अन्य कार्यो के साथ–साथ शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, आवासीय क्षेत्रों, व्यवसायिक परिसरों आदि में

सेनेटाईजेशन का कार्य लगातार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, जिला अस्पताल, सी.एम.एच.ओ.कार्यालय एवं विभिन्न अस्पतालों, नगर निगम कार्यालय साकेत, निगम के सभी जोन कार्यालय, कोतवाली, पुलिस चौकी सहित वार्ड क्र. 01, 03, 04, 05, 06, 08, 10, 15, 16, 22, 24, 30, 32, 33, 49, 59, 66 के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों को सेनेटाईज किया गया। सेनेटाईजेंशन कार्य प्रभारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त होम आईसोलेशन पर रह रहे मरीजों, परिजनों एवं उनके पड़ोसियों के द्वारा मोबाईल पर सेनेटाईजेशन कराए जाने का आग्रह पर आज एवं कल 36 स्थानों पर सेनेटाईजेशन का कार्य सम्पन्न कराते हुए स्थल सेनेटाईज किया गया।